**आकाशवाणी शिमला**

**31.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे**

**प्रधानमंत्री–एकता दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की अपील की है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इससे विकसित भारत का सपना साकार होगा। वे आज गुजरात के एकता नगर में लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज़ादी के बाद, सरदार पटेल ने 5 सौ 50 से ज़्यादा रियासतों को एकजुट करके 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण को साकार करके असंभव काम कर दिखाया। प्रधानमंत्री ने करोड़ों लोगों द्वारा ली गई एकता की शपथ में देशव्यापी भागीदारी पर कहा कि इससे राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के सामूहिक संकल्प की पुष्टि हुई है। भाषाओं को एकता का प्रतीक बताते हुए प्रधानमंत्री ने सभी भारतीय भाषाओं के प्रचार और संरक्षण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। नरेन्द्र मोदी ने प्रत्येक नागरिक से एकता को राष्ट्रीय शक्ति का मंत्र बनाने और सरदार पटेल के दृष्टिकोण को याद रखने व एक मजबूत, विकसित और एकजुट भारत के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया।

**रन फॉर यूनिटी**

इधर सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ 50वीं जयंती के मौके पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। शिमला में प्रदेश भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने सी.टी.ओ. चौक से चौड़ा मैदान के लिए एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और देश के गठन में सरदार पटेल के योगदान को याद किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज से 26 नवंबर संविधान दिवस तक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रमों का आयोजन हर जिले में किया जाएगा जिसमें देश की एकता व अखंडता के लिए युवाओं को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। उधर राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन का उद्देश्य लोगों में एकता, अनुशासन, स्वास्थ्य व फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस मैराथन में कुल एक सौ 66 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जगत सिंह नेगी ने कहा कि "किन्नौर के खिलाड़ी न केवल जिला स्तर पर, बल्कि राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

**इंदिरा गांधी पुण्यतिथि**

आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्वर्गीय इंदिरा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान देश के प्रति स्वर्गीय इंदिरा गांधी के बलिदन को याद किया गया। अग्निहोत्री ने देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज सिरमौर ज़िला के कथाड में भूरेश्वर महादेव मेले का शुभारम्भ किया और भूर्शिंग मंदिर में पूजा–अर्चना कर लोगों की सुख–समृद्धि की कामना की। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने मंदिर में 10 लाख से निर्मित कमरों, पाकशाला और स्वच्छ पेयजल सुविधा स्थल का लोकार्पण भी किया।

.....................